❀ ओ३म् ❀

कृण्वन्तो विश्वमार्यम्

आर्य प्रतिनिधि सभा जम्मू काश्मीर

का

वार्षिक विवरण

सन् 1979–80

सृष्टि सम्वत्–1975949080

दयानन्दाब्द 158

❀ प्रकाशक ❀

प्रधान
डा० योगेन्द्र कुमार

मन्त्री
राज कुमार कौहली

आर्य प्रतिनिधि सभा जम्मू काश्मीर ।

CC-0. Late Pt. Manmohan Shastri Collection Jammu. Digitized by eGangotri

CC-0. Late Pt. Manmohan Shastri Collection Jammu. Digitized by eGangotri

॥ ओ३म् ॥

समानी वः आकूतिः ।
हमारे विचार समान हों ।

आर्य प्रतिनिधि सभा जम्मू-काश्मीर

के

वार्षिक साधारण अधिवेशन में

वार्षिक विवरण

प्राक्कथन

प्रतिनिधि महानुभावों की सेवा में

मान्य प्रतिनिधि गण !

परम पिता परमात्मा की अपार कृपा से आज हम पुनः ढ़ेढ़ वर्ष पश्चात् अपने महान उत्तरदायित्व की पूर्ति के लिए दृढ़ संकल्प के साथ यहाँ एकत्र हुए हैं। 10 मार्च 1968 को आ० प्र० स० जम्मू-काश्मीर की ऐतिहासिक स्थापना हुई थी, तब से साधन सीमित होते हुए भी यह सभा प्रगति की ओर अग्रसर है। जम्मू-काश्मीर प्रान्त के प्रत्येक नगरों, कस्बों तथा गाँवों में नागरिकों तक वैदिक धर्म ज्ञान का पवित्र सन्देश पहुँचाने के उद्देश्य से सभा निरन्तर प्रयत्नशील रही है और भविष्य में भी महर्षि के आदेशों

CC-0. Late Pt. Manmohan Shastri Collection Jammu. Digitized by eGangotri.

की पुर्ति के लिए प्रयत्नशील रहेगी। इस संगठन को शक्तिशाली बनाए रखना हम सब का दायित्व है।

सभा का चुनावः–

10 जुन 1979 को श्री ढेरामल जी, की अध्यक्षता में हुआ। जो अधिकारी चुने गए वह निम्नलिखित हैः— प्रधानः- डा० योगेन्द्र कुमार, उपप्रधानः- श्री जयदेव जी, चमन लाल जी, मन्त्रीः- श्री राज कुमार कोहली, उपमन्त्रीः- श्री जगमोहन खन्ना, संगठन मंत्रीः- स्वा० क्षमानन्द जी, कोषाध्यक्षः- श्री महेन्द्र प्रकाश जी बेद प्रचार अधिष्ठाताः- श्री मोहन लाल मोतियाल, पुस्तकाध्यक्षः- श्री सुदेश कुमार।

अन्तरंग सदस्य :—
1 श्री कृष्ण लाल जी (पु० मन्डी)
2 श्री ईश्वर दास जी,
3 श्री गोपाल कृष्ण आर्य,
4 श्री देवेन्द्र कुमार जी,
5 महता श्री निवास जी,
6 श्री राजेन्द्र नाथ जी,
7 श्री वेद प्रकाश जी,
8 श्री कृष्ण लाल जी (मीरपुर कालोनी)
9 श्री भीमसेन जी,
10 श्री कुलदीप कुमार जी,
11 श्री तिलक राज सुरी,

CC-0. Late Pt. Manmohan Shastri Collection Jammu. Digitized by eGangotri

श्रीनगर उपसभा :—

संरक्षक:- श्री जयदेव चन्डोक
उपप्रधान:- श्री बिहारी लाल बत्रा
उपमन्त्री:- श्री राजेन्द्र गुप्ता
वेद प्रचारक अधिष्ठाता:- श्री नेत्रपाल शास्त्री
सदस्य:- श्री प्रेम नाथ कौल, राजपाल, प्रदुमनकृष्ण सराफ

प्रान्तीय समाजों की संख्या

1	आर्य समाज	दयानन्द मार्ग जम्मू
2	...	पुरानी मन्डी जम्मू
3	...	मीरपुर कालोनी बख्शी नगर जम्मू
4	...	कोटली कालोनी जम्मू
5	...	गान्धी नगर जम्मू
6	...	हज़ूरी बाग श्रीनगर
7	...	महाराजा गंज श्रीनगर
8	...	रैणावाड़ी श्रीनगर
9	...	कर्ण नगर श्रीनगर
10	...	रणवीर सिंह पुरा
11	...	डीण्डे कलां जम्मू
12	...	विशनाह जम्मू
13	...	साम्बा जम्मू
14	...	कठुआ जम्मू

CC-0. Late Pt. Manmohan Shastri Collection Jammu. Digitized by eGangotri

15 ... राजौरी
16 ... सुन्दरवनी जिला राजौरी
17 ... नौशहरा जिला राजौरी
18 ... कांगड़ी जिला राजौरी
19 ... बरेरी जिला राजौरी
20 ... भजनवा
21 ... पुंछ
22 ... ऊधमपुर
23 ... रामनगर जिला ऊधमपुर
24 ... रामवन
25 ... बटोत
26 ... अखनूर
27 ... वसोहली जम्मू
28 ... हीरानगर कठुआ
29 ... भद्रवाह
30 ... किश्तवाड़
31 ... रियासी
32 ... पौनी
33 ... रंगपुरा रणवीर सिंह पुरा
34 ... चारी भलेसा
35 ... चकरोही रणवीर सिंह पुरा
36 ... पंचतूत
37 ... अरनियाँ

CC-0. Late Pt. Manmohan Shastri Collection Jammu. Digitized by eGangotri

38	...	चौहाला
39	...	द्रंगाह
40	...	नौढ़ीनाला
41	...	मुरादपुर
42	...	दलोगढ़ा
43	...	सुचानीं
44	...	बगूना
45	...	गरोटा (अम्ब)
46	...	भेला जिला डोडा
46	...	पाडर किश्तवाड़

आर्य शिक्षा संस्थाएं:—

1 आर्य गर्ल्ज हाई स्कूल, कच्ची छावनी, जम्मू ।
2 आर्य गर्ल्ज हाई स्कूल, पुरानी-मन्डी, जम्मू ।
3 डी० ए० वी० हाई स्कूल, एक्सचेंज रोड़, जम्मू ।
4 डी० ए० वी० मिडल स्कूल, कठुआ ।
5 आर्य पाठशाला, नगरी परोल । (कठुआ)
6 आर्य गर्ल्ज हाई स्कूल, ऊधमपुर ।
7 आर्य देवकी पुत्री पाठशाला, हजुरी बाग, श्रीनगर ।
8 डी० ए० वी० हायर सकैन्डरी स्कूल, रैणावाड़ी, श्रीनगर ।
9 डी० ए० वी० हाई स्कूल,जवाहर नगर, श्रीनगर ।
10 आर्य गर्लज़ , हाई स्कूल, कटलेश्वर, कर्णनगर, श्रीनगर ।
11 आर्य पाठशाला, वटैहरा ग्राम । (जम्मू)

CC-0. Late Pt. Manmohan Shastri Collection Jammu. Digitized by eGangotri

श्रीनगर में वार्षिक उत्सव :-

इस वर्ष श्रीनगर की आर्य समाजों ने अपने वार्षिक उत्सव सभा के तत्वावधान में बड़ी धूमधाम से मनाए, जो गत वर्ष 1978 में नहीं मनाए जा सके थे। मुख्य विद्वान जिन्होंने श्रीनगर उत्सव में भाग लिया:— आचार्य वीरेन्द्र जी, स्वा० दयानन्द जी विदेह, स्वा० सच्चिदानन्द जी, डा० योगेन्द्र शास्त्री, श्री हरिश्चन्द्र शास्त्री, श्री हरिश्चन्द्र विद्यार्थी, श्री विधाभानु शास्त्री, श्री नेत्रपाल शास्त्री, प० राम चन्द आर्य, श्री मथुरा दास वानप्रस्थी, बस्ती राम, जगत राम भजन मण्डली ने भी भाग लिया।

सभा की अन्तरंग बैठक :-

जो इस वर्ष आर्य समाज रैनावाड़ी, श्रीनगर में 26 अगस्त 1979 को हुई, इस में प्रदेश की तमाम आर्य समाजों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस में प्रदेश में वेद-प्रचार की योजनाओं पर विचार किया गया। प्रदेश से गए हुए प्रतिनिधियों को आर्य समाज, रैनावाड़ी के अधिकारियों ने एक प्रीति भोज भी दिया।

जम्मू में वेद प्रचार सप्ताह :-

जम्मू की सभी आर्य समाजों ने अपने वेद प्रचार सप्ताह धूमधाम से मनाए। जिस में सभा के विद्वानों ने भी भाग लिया। आर्य समाज, कोटली बस्ती, (रिहाड़ी) ने 12 अगस्त से 19

CC-0. Late Pt. Manmohan Shastri Collection Jammu. Digitized by eGangotri

अगस्त तक। आर्य समाज, दयानन्द-मार्ग ने 26 अगस्त से 2 सितम्बर तक। आर्य समाज, पुरानी-मण्डी ने 16 सितम्बर से 23 सितम्बर तक। आर्य समाज, मीरपुर कालोनी ने 23 सितम्बर से 29 सितम्बर तक। आर्य समाज रियासी, ने भी अपना वेद प्रचार सप्ताह धूमधाम से मनाया, जिस में श्री ओम प्रकाश जी प्रेमी, तथा श्री मथुरा दास जी वानप्रस्थी ने भी भाग लिया। वैदिक पारिवारिक सत्संग मण्डल भी जम्मू में पारिवारिक सत्संग कर रहा है, इन्होंने दो शिविर एक पत्नीटाप तथा दूसरा मानसर में लगाया था। मानसर के शिविर की अध्यक्षता स्वा० सुमेधानन्द जी ने की। यहाँ पर "वैदिक धर्म का प्रचार कैसे हो" विषय पर एक विचार गोष्ठी भी हुई।

वार्षिक उत्सव :—

आर्य समाज गाँधीनगर का वार्षिक उत्सव 16, 17, 18 नवम्बर को धूमधाम से मनाया गया। जिसमें सभा के विद्वानों, श्री ओम प्रकाश प्रेमी, भजनोपदेशक, श्री सूर्यदेव वानप्रस्थी, श्री मथुरा दास वानप्रस्थी, श्री सत्यपाल जी पथिक तथा स्थानीय विद्वानों ने भाग लिया। हवन यज्ञ डा० योगेन्द्र शास्त्री तथा देवेन्द्र शास्त्री ने करवाया। गाँधीनगर आर्य समाज के अधिकारियों ने इस उत्सव को बड़े उत्साह से मनाया, यद्यपि इस आर्य समाज का अपना भवन भी नहीं है, जिस को बनाने के लिए प्रयत्न कर रहे हैं। उत्सव के आखिरी दिन ऋषि लंगर भी हुआ।

CC-0. Late Pt. Manmohan Shastri Collection Jammu. Digitized by eGangotri

वैदिक युवक व युवति समिति:—

आर्य समाज कोटली बस्ती (रिहाड़ी) में वैदिक युवक समिति व वैदिक युवति समिति बहुत अच्छा कार्य कर रहे हैं। जिस से नवयुवकों व नवयुवतियों में वेद प्रचार और आर्य सिद्धान्तों को बढ़ावा मिल रहा है। यह सब आर्य सन्यासिनी माता सुपर्णायति जी की कोशिशों का ही परिणाम है। अभी हाल ही में वैदिक युवति समिति ने अपना दुसरा वार्षिकोत्सव 23, 24, 25 दिसम्बर को धूमधाम से मनाया है। आर्य युवक समिति ने भी इससे पूर्व एक गोष्ठी का आयोजन किया था, जिसमें युवकों ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया था।

प्रदेश में दूसरे स्थानों पर वेद प्रचार :-

जिसमें कठुआ, विजपुर, रणवीर सिंह पुरा, किश्तवाड़, अखनूर, ढींडे कलां, चिंता, नौशहरा, पंचतूत, ऊधमपुर, भद्रवाह, और कांगड़ी आदि स्थानों पर वेद प्रचार किया गया। किशतवाड़ में श्री सूर्य देव वानप्रस्थी तथा श्री ओम प्रकाश प्रेमी ने एक सप्ताह रह कर बहुत प्रवाभशाली वेद प्रचार किया। ऐसा अनुभव हुआ है कि शहर को आर्य समाजों में तो वेद प्रचार सप्ताह मनाया जा रहा है, परन्तु कस्बों तथा गांवों की आर्य समाजें अपना वेद प्रचार सप्ताह नहीं मना रही हैं। कृपया नए वर्ष के लिए अपना वेद प्रचार कार्यक्रम अभी बनाइए और सभा कार्यालय को सूचित करें।

CC-0. Late Pt. Manmohan Shastri Collection Jammu. Digitized by eGangotri

त्रिकुटा नगर की भूमि :-

जो कि माता कौशल्या देवी जी ने (रेलवे स्टेशन जम्मू के पास) सभा को दान में दी थी। उस पर वेद-मन्दिर निर्माण कार्य प्रारम्भ कर दिया गया है। उस की नीवें भर दी गई हैं और माप चित्र भी तक़नीकी बनाया गया है, उस पर 50,000 रुपये के लगभग खर्च आने का अनुमान है, जिस के लिए आप सब के सहयोग की आवश्यकता है।

सभा द्वारा प्रकाशित पुस्तकें :-

धर्मशिक्षा की पुस्तकें जो पिछले कई वर्षों से मिल नहीं रही थीं, वह सभा द्वारा प्रथम कक्षा से पांचवीं कक्षा तक प्रकाशित कर दी गई हैं। बहुत सी शिक्षा संस्थाओं में यह पुस्तकें चल रही है। जिन के पास यह पुस्तकें नहीं हैं, वह सभा कार्यालय से सम्पर्क स्थापित कर प्राप्त करें।

आर्य समाज की मान्यताऐं :-

(आर्य समाज क्या मानता है) जो कि डा. योगेन्द्र शास्त्री द्वारा लिखी गई है। यह पुस्तक आर्य समाज में नए आने वाले व्यक्तियों के लिए बहुत उपयोगी है। इस की कीमत 1-50 रु० से कम करके 1-00 रुपया कर दी गई है। इस पुस्तक के लिए अपनी मांग भेजें।

CC-0. Late Pt. Manmohan Shastri Collection Jammu. Digitized by eGangotri

आर्य समाज का इतिहास :-

जिस को सभा ने 1978 में प्रकाशित किया था, इस में जम्मू-कश्मीर की सभी आर्य समाजों का 100 वर्षों का वर्णन है। यह बहुत उपयोगी पुस्तक है, इसकी कीमत केवल 5-00 रुपये है जो कि लागत मात्र है। इस पुस्तक को सभी आर्य भाई खरीदें और पढ़ें। आगामी वर्षों में इस पुस्तक को दोबारा प्रकाशित करवाने का विचार है। इस को पढ़ कर देखें कि अगर इस से अधिक आर्य समाजों का वर्णन किसी के पास है तो वह सभा कार्यालय को भेजें।

सभा की आर्थिक स्थिति :-

सभा को 1978-79 की आर्थिक स्थिति का व्योरा आप को मिल चुका है। सभा की आमदन का स्रोत तो आर्य समाजों से प्राप्त वेद प्रचार तथा दशांश आदि ही है, इस लिए जरूरी है कि दशाँश तथा वेद प्रचार सभी आर्य समाजें समय पर भेजें, ताकि प्रदेश में वेद प्रचार का कार्य ठीक ढंग से चल सके। पिछले चार-पांच महीनों से लगातार 2 उपदेशक सभा में कार्य करते रहे हैं। आगे सभी कार्य को चलाने के लिए धन की आवश्यकता है, जिस के लिए आप सब सहयोग देवें।

दुखद घटना :-

डी. ए. बी. हायर सकैंडरी स्कूल रैनाबाड़ी का एक भाग जल जाने से संस्था को तीन-चार लाख की हानि हुई है। यह संस्था

CC-0. Late Pt. Manmohan Shastri Collection Jammu. Digitized by eGangotri

सभा से सम्बन्धित है। इस हानि की पूर्ति के लिए वहां अधिकारी वर्ग परिश्रम कर रहा है और इस को नए सिरे से बनाने की योजना है। इस के लिए आप सब सहयोग देवें।

आर्य समाज रैनावाड़ी का झगड़ा :-

जो कि कई वर्षों से सदस्यों की भ्रान्तियों के कारण था। इस को मध्यस्थीय श्री जयदेव जी चन्ढोक को बनाया गया था, मध्यास्थीय निर्णय 18 नवम्बर को मिला था और इस की पुष्टि 16 दिसम्बर को सभा ने अपनी बैठक में कर दी थी। सभी सदस्यों व अधिकारियों से प्रार्थना की गई कि वह मिलजुल कर कार्य करें।

राजार्य सभा :-

की 31 सदस्यीय समिति गठित की गई थी। अखिल भारतीय राजार्य सभा के घोषणा पत्र की मुख्य बातें पोस्टर द्वारा प्रकाशित की गई। इस के कार्य को चलाने के लिए श्री नेत्रपाल शास्त्री को प्रधान तथा श्री जगमोहन खन्ना को मंत्री नियुक्त किया गया।

आर्य विधा परिषद :-

जो कि प्रदेश में धर्म शिक्षा की परिक्षाऐं ले रही है। इस वर्ष श्रीनगर में भी उप-कार्यालय प्रारम्भ किया है, और वहाँ राजेन्द्र जी गुप्ता, वंतमान मंत्री, आर्य समाज हजूरी बाग, को मुख्य निरीक्षक नियुक्त किया गया है। आप सब से प्रार्थना है

CC-0. Late Pt. Manmohan Shastri Collection Jammu. Digitized by eGangotri

कि बच्चों से धर्मशिक्षा के फोर्म भरवाँए, ताकि उनमें इस का शौक बढ़े। विद्या परिषद द्वारा उतीर्ण होने पर प्रमाण पत्र भी दिए जाते है, और अच्छे अंक लेने पर पारितोषिक भी दिए जाते हैं। परिक्षांए लेने का सारा काम यूनिवर्सिटी स्तर पर किया जाता है।

आर्य समाजों की सम्पत्ति की सुरक्षा :-

के लिए एंक ट्रस्ट डीड कानूनी माहीरो से तैयार करवाया गया है। श्रीनगर में आर्य समाज रैनावाड़ी और महाराजागंज की सम्पति सभा के साथ ही सम्बन्धित कर दी गई है। बाकी आर्य समाजो से भी ऐसी ही प्रार्थना की जाती है कि वह सम्पति की सुरक्षा के लिए ऐसे ही पग उठाऐं।

'1980' प्रदेश में वेद प्रचार की धूम

कठुआ में वेद प्रचार :

आर्य समाज कठुआ ने आर्य प्रतिनिधि सभा के प्रचारक वानप्रस्थी मथुरा दास जी से 20 फरवरो 80 से 20 मार्च 80 तक प्रचार कराया गया। 15, 16, 17 मार्च को बिषश कार्य क्रम हुआ। इस में श्री विद्याभानु जी शास्त्री, डा० योगेन्द्र जी, श्री राज कुमार जी कोहली मंत्री आर्य पतिनिधि सभा तथा स्वामी

CC-0. Late Pt. Manmohan Shastri Collection Jammu. Digitized by eGangotri

सुमेधा नन्द जी प्रधान आर्य प्रतिनिधि सभा हिमाचल प्रदेश ने भाग लिया। इस प्रकार यह प्रचार कार्य जिला के पिछड़े हुए इलाको में यानि बसोली, महानपुर, भड्डु, बिलावर, रामकोट आदि में इसका बहुत अच्छा प्रभाव रहा।

बटेरा में शहीदी मेला :-

16 मार्च 1980 को बटेरा गांव में आर्य समाज दयानन्द मार्ग की तरफ से शहीदी मेला आयोजित किया गया। इस में जम्मू की सब आर्य समाज तथा अखनूर की आर्य समाज ने भाग लिया और सफलता पूर्वक समपन्न हुआ।

अखनूर में वेद प्रचार : 14-4-80 से 17-4-80 तक आर्य समाज, अखनूर में श्री ओम प्रकाश प्रेमी, भजनोआदेशक, श्री सांई दास ढोलक मास्टर ने वेद प्रचार किया।

नौशहरा में बेद प्रचार : 24-4-80 से 27-4-80 तक वानप्रस्थी सुर्यदेव जी ने तथा भजोनपदेशक श्री ओम प्रकाश प्रेमी द्वारा वेद प्रचार किया गया।

राजौरी में वेद प्रचार : 1-5-80 से 8-5-80 तक श्री सूर्यदेव जी तथा श्री प्रेमी जी ने वेद प्रचार किया।

पूंछ में वेद प्रचार : 9-5-80 से 14-5-80 तक पूंछ में वानप्रस्थी श्री सूर्यदेव जी, भजनोपदेशक, श्री ओम प्रकाश प्रेमी तथा डोलक मास्टर, श्री सांई दास ने वेद प्रचार किया।

भजनवा : 15-5-80 से 16-5-80 इन्ही विद्वानो ने वेद प्रचार किया।

CC-0. Late Pt. Manmohan Shastri Collection Jammu. Digitized by eGangotri

कांगड़ी : 17-5-80 और 18-5-80 को इन्ही विद्वानों ने वेद प्रचार किया।

सुन्दरबनी : 19-5-80 और 20-5-80 ,, ,,

अखनूर : 21-5-80 से 27-5-80 ,, ,,

भद्रवाह : 5-6-80 से 9-6-80 ,, ,,

दरंगा (भद्रवाह) : 10-6-80 से 12-6-80 ,, ,,

मालड़ा (वद्रवाह) 13-6-80 ,, ,,

गडढा ,, 14-6-80 ,, ,,

भद्रवाह 15-6-80 ,, ,,

ऊधमपुर : 16-6-80 से 19-6-80 तक आर्य समाज ऊधमपुर में 20-6-80 को आर्य समाज दयानन्द मार्ग, जम्मू में।

21-6-80 से 26-6-80 तक वानप्रस्थी जी, डोलक मास्टर श्री सांई दास तथा वेद प्रचार अधिष्टाता श्री मोतियाल ने जो वैदिक मण्डल द्वारा आयोजित सत्यार्थ प्रकाश शताब्दी यात्रा में भाग लिआ।

17-6-80 से 20-6-80 तक **R. S. Pura** श्री मथुरा दास जी ने मैजिक लालटेन द्वारा प्रचार किया।

2-7-80 से 10-7-80 तक शास्त्री नगर जम्मू में श्री मथुरा दास जी ने मैजिक लालटेन द्वारा प्रचार किया।

11-7-80 से 17-7-80 तक साम्बा में श्री म. द. वानप्रस्थी द्वारा।

18-7-80 च 28-7-80 तक रिहाड़ी कालोनी ,, ,,

2-8-80 से 7-8-80 आर्य समाज, पंचतूत श्री ओम प्रकाश प्रेमी तथा श्री मथुरा दास जी ने वेद प्रचार किया।

CC-0. Late Pt. Manmohan Shastri Collection Jammu. Digitized by eGangotri

8-8-80 से 11-8-80 तक आर्य समाज, रामबन " "
13-8-80 से 19-8-80 तक " " " हजुरीबाग श्रीनगर में वानप्रस्थी सूर्यदेव जी, वानप्रस्थी मथुरा दास जी, श्री ओम प्रकाश प्रेमी तथा सभा द्वारा भेजे गए गुरुकुल ऐटा के ब्रह्मचारियों ने वेद प्रचार किया। इस समारोह में श्री नेत्रपाल जी शास्त्री, तथा आर्य समाज के यौग्य अधिकारियों श्री बिहारी लाल बत्रा, श्री राजेन्द्र जी, तथा लोगों ने भी बहुत अधिक रुचि दिखाई। इस में आर्य समाज रैनावाड़ी तथा महाराज गंज के अधिकारियों ने भी भाग लिया।

इस वर्ष जम्मू की आर्य समाजों के वेद प्रचार सप्ताह सभा के तत्त्वावधान तथा आपसी सहयोग से मनाए इस में धार्मिक जनता ने अत्यधिक रुचि दिखाई, मीरपुर कालोनी (बख्शी नगर) आर्य समाज ने अपना वेद प्रचार सप्ताह 17-8-80 से 24-8-80 तक बड़ी धूमधाम से मनाया। इस में प० देव राज जी, प० विद्याभानु जी, श्री जगत राम, बस्तो राम, भजन मण्डली तथा मण्डलपति स० अमर सिंह जी ने भाग लिया। यह वेद सप्ताह स्वामी सत्यानन्द जी महाराज की अध्यक्षता में हुआ।

आर्य समाज दयानन्द मार्ग ने अपना वेद प्रचार सप्ताह 24-8-80 से 31-8-80 तक मनाया। इस में वानप्रस्थी सूर्यदेव जी, स्वामी शिवाचार्य जी महाराज (दिल्ली), स्वामी शक्तिश्वरानन्द जी (उज्जैन) ने भाग लिया। इस के अतिरिक्त भजनोपदेशक श्री ओम प्रकाश प्रेमी तथा स्थानीय विद्वानों ने भाग लिया। आर्य समाज के अधिकारियों प्रधान श्री जय देव गुप्ता तथा मंत्री

CC-0. Late Pt. Manmohan Shastri Collection Jammu. Digitized by eGangotri

श्री सुदेश कुमार एवं अन्य अधिकारियों ने इस में बहुत अधिक रुचि दिखाई। इस प्रकार वेद प्रचार सप्ताह सफलता पूर्वक सम्पन्न हुआ।

आर्य समाज कोटली बस्ती ने अपना वेद प्रचार सप्ताह 26-8-80 से 31-8-80 तक बड़ी धूमधाम से मनाया। इस में स्वामी सुर्यदेव जी, श्री जगत राम, वस्ती राम भजनमण्डली तथा मण्डलपति प० अमर सिंह जी ने भाग लिया। यज्ञ श्री विद्याभानु जी की अध्यक्षता में हुआ।

सभा द्वारा आयोजित युवक कैम्प :-

स्वामी शक्तीश्वरानन्द जी ने आर्य समाज रिहाड़ी में योग का कैम्प चलाया। जिसमें धार्मिक जनता ने अधिक संख्या में भाग लिया तथा इसे बहुत सराहा। इस में समाज के अधिकारियों श्री ईश्वर दास जी श्री कुलदीप जी, अन्य अधिकारियों एवं सदस्यों ने भी भाग लिया। इस में आर्य युवक समिति तथा युवति समिति के युवकों एवं युवतियों ने भी भाग लिया। आर्य सन्यासिनी माता सुवर्णा यति जी का इस में विशेष योगदान रहा।

आर्य समाज पुरानी मण्डी ने भी अपना वेद प्रचार सप्ताह 7-9-80 से 14-9-80 तन मनाया। इस में भारत के प्रसिद्ध आर्य विद्वान श्री शिवकुमार शास्त्री (भूतपूर्व संसद सदस्य) प० निरंजन देव जी इतिहासकेसरी, श्री श्याम सिंह हितकर भजन-मण्डली ने भाग लिया। यज्ञ प० हरिश्चन्द्र जी तथा अन्य विद्वानों ने करवाया। यह सारा कार्यक्रम अत्यन्त सफल रहा। समाज के अधिकारियों श्री कृष्ण लाल जी एवं रमेश जी अन्य

CC-0. Late Pt. Manmohan Shastri Collection Jammu. Digitized by eGangotri

अधिकारियों तथा सदस्यों ने भी रुचि दिखाई। 14-9-80 को प्रोति भोजन का आयोजन भी किया गया।

सत्यार्थ प्रकाश शताब्दी यात्रा

इस यात्रा का आयोजन वैदिक पारिवारिक सत्संघ मण्डल ने 20-9-80 से 24-9-80 तक सभा के सहयोग से किया। 20-9-80 को जम्मू शहर में शोभा यात्रा निकाली गई। इस में सार्वदेशिक सभा के प्रधान श्री शाल वाले तथा आर्य वोर दल के प्रधान संचालक श्री बाल दिपाकर हंस ने भी भाग लिया। आर्य प्रति० सभा हिमाचल प्रदेश के प्रधान स्वामी सुमेधानन्द जी तथा हिमाचल एंव गुरदासपुर के आर्य समाजियों ने भी भाग लिया। 21-9-80 को यह यात्रा पत्नीटाप के लिए रवाना हुई। मार्ग में गढ़ी (ऊधमपुर) में वैदिक आश्रम पर कार्य शूरू करने का उदघाटन श्री शालवाले ने किया। उधमपुर की आर्य समाज एंव धार्मिक जनता ने एक शोभा यात्रा निकाली। डो० ए० वी० हाई स्कूल ऊधमपुर में एक भारी सभा हुई। इस में सभा के अधिकारियों ने भी भाग लिया। इस अवसर पर प्रीति भोजन का अयोजन भी किया गया।

सत्यार्थ प्रकाश पर प्रतिबन्ध :-

जम्मू से सब सभा अधिकारी दिल्ली में सार्वदेशिक की वार्षिक बैठक में भाग लेने के लिए गए तो वहां ज्ञात हुआ कि शेख सरकार ने जम्मू-कश्मीर में अपने गोपनीय आदेश द्वारा

CC-0. Late Pt. Manmohan Shastri Collection Jammu. Digitized by eGangotri

सत्यार्थ प्रकाश तथा भगवद् गीता पर सरकारी पुस्तकालयों में रखने पर प्रतिबन्ध लगा दिया है। जम्मू वापिस आकर अधिकारियों ने इस के बारे में जानकारी हासिल की। सार्वदेशिक के अधिकारियों को सूचित किया गया और उन्होंने आचार्य पृथ्वी सिंह आज़ाद को शेख साहब तथा उच्चअधिकारियों से मिलने के लिए भेजा। शेख सरकार की इस कार्यवाई की समुचे आर्य जगत में घोर निन्दा हुई। सभा ने सभी आर्य प्रतिनिधि सभाओं के साथ मिल कर आन्दोलन करने का निश्चय किया। अदालत में केस करने के लिए एडवोकेट रायजादा अमर चन्द जी से सहयोग मांगा गया। उन्होंने पूर्ण विश्वास दिलाया कि इस मामले को कानूनी ढंग से भी हल किया जा सकता है। परन्तु सरकार ने 6-9-80 को हर तरफ से दबाब देखते हुए और सच्चाई को भांपते हुए यह प्रतिबन्ध हटा दिया। सरकारी प्रवक्ता ने दिल्ली में एक झुठा ब्यान दे कर कि सत्यार्थ प्रकाश पर कोई प्रतिबन्द नहीं है। आर्य जनता को गुमराह करने की कोशिश की। परन्तु 6-9-80 के सरकारी आदेश द्वारा इस ब्यान में कोई सच्चाई नहीं रही। यह प्रतिबन्ध समुचे आर्य जगत एवं आर्य बन्धुओं के सहयोग तथा सजगता से भी हटाया गया है। इस के लिए सभा इन सब की आभारी है। इस के इलावा सभा प्रधानमंत्री श्रीमति इन्दिरा गांधी, गृहमंत्री ज्ञानी जैल सिंह तथा मुख्यमंत्री जम्मू-कश्मीर, शेख साहब की भी आभारी है।

CC-0. Late Pt. Manmohan Shastri Collection Jammu. Digitized by eGangotri

Governmet of Jammu & Kashmir
Directorate of Archives, Liabraries & Musumes
Srinagar

Order No. D A L M—197/ADL-295/80
Dated : 6-9-80

This Office Order No. DALM / ADL-295/80 Secret dated 20-5-80 regarding removal from circulation of :

1 Satyarath Prakash.
2 Historical Role of Bhagwat Gita by P. N. Bazaz from all the public liabraries in Jammu & Kashmir State is *withdrawn with immediate effect.*

Sd/-(F. N. Hassain)
Director
Archives, Liabraries & Musumes

No. 2195-220/ADL-295/80 Dated 6-9-80

श्री कृष्ण जन्मअष्टमी का कार्य-क्रम

सितम्वर 1980 में जम्मू, राजौरी, ऊधमपुर में मनाया गया। इस में सभा के विद्वानों ने भाग लिया और यह कार्य क्रम बहुत सफल रहा।

रियासी में प्रचार। 2-10-80 से 9-10-80 तक रियासी

CC-0. Late Pt. Manmohan Shastri Collection Jammu. Digitized by eGangotri

आर्य समाज ने वेद प्रचार सप्ताह कार्य-क्रम इस में सभा के विद्वान श्री ओम प्रकाश प्रेमी जी ने भाग लिया, बाहिर से आये हुए विद्वान स्वामी निगमानन्द जी तथा श्रुतबन्धु शास्त्री जी ने भाग लिया और यह कार्य क्रम बहुत सफल रहा।

साम्बा में वेद प्रचार: 11-11-80 से 18-11-80 तक साम्बा में वेद प्रचार का आयोजन किया गया। जिस में स्वामी सूर्य देव जी महाराज तथा ओम प्रकाश प्रेमी ने प्रचार किया और जो अत्यन्त सफल रहा। इस में समाज के प्रधान श्री दीना नाथ जी ने बहुत उत्साह दिखाया।

आर्य विद्या परिषद :-

इस बार आर्य बिद्या परिषद की धर्म कथा की परिक्षाएं अक्तूबर 1980 में श्रीनगर में हुई और जो श्री राजेन्द्र जी तथा नेत्रपाल जी की देख रेख में सम्पन्न हुई इस में 430 बच्चों ने भाग लिया।

सभा ने आर्य युवक समिति युवकों द्वारा स्थापित बुक बैंक में सहायता का सहयोग प्रदान किया। इस प्रकार उन के सनासर शिवर में सहयोग प्रदान किया गया और यह शिवर सभा के संरक्षक स्वामी सत्यानन्द जी की प्रधानता में समपन्न हुआ। इस में सभा मत्री श्री राज कुमार कोहली जी ने भी भाग लिया।

रैणावाडी आर्य समाज की समस्या :-

को हल करने के लिए पूरा प्रयत्न किया गया परन्तु दोनों गुटों ने एक दूसरे से सहयोग नहीं दिया और उलटा मामला

CC-0. Late Pt. Manmohan Shastri Collection Jammu. Digitized by eGangotri

अदालत में चला गया। सभा ने इस का एक मात्र हल निकाला की अडहाक कमेटी जो श्री जय देव जी चण्डोक ने नियुक्त की थी तोड़ दी गई और कार्य के संचालन के लिए श्री डा० रमेश कुमार जी तथा राजेन्द्र जी को नियुक्त किया है। प्रशासकों ने कार्य प्रारम्भ कर दिया है। मामला अभी तक अदालत में चल रहा है।

सभा की बैठकें :-

1979-80 में सभा की अन्तरङ्ग की 12 बैठकें हुई। जिन में भिन्न २ मामलों पर विचार हुआ।

जम्मू में आर्य वीर दल तथा आर्य कुमार सभा की स्थापना भी हो चूकी है।

अन्त में मैं उन विद्वानों को धन्यवाद दिये विना नहीं रहूंगा जिन्हों ने प्रचार कार्य में अमूल्य योगदान दिया है। श्री पूज्य स्वामी सत्यानन्द जी, स्वामी सूर्यदेव जी, श्री डा० वेद कुमारी जी श्री पूज्य सुपर्णा यति जी, श्री प० हरिश्चन्द्र जी, श्री देवेन्द्र शास्त्री जी, श्री विद्याभानु शास्त्री जी, श्री हरिश्चन्द्र विद्यार्थी जी, श्री आर्य भिक्षु जी श्री प० नेत्रपाल शास्त्री जी श्री क्षमानन्द जी श्री विजय कुमार शास्त्री जी, श्री हरिश्चन्द्र जी वानप्रस्थ, श्री राम चन्द जी, श्री ओम प्रकाश जी प्रेमी। इन सभी विद्वानों का सभा हार्दिक धन्यवाद करती है।

CC-0. Late Pt. Manmohan Shastri Collection Jammu. Digitized by eGangotri

आय व्यय विवरण 1979-80

	आय	व्यय	
आय	रुपये 31121-75	डाक खर्च	रुपये 208-65
		वेतन कर्मचारी	862-87
		पुस्तक प्रकाशन	5917-80
		भवन निर्माण	6350-00
		मार्ग व्यय आदि	1718-85
		अदालती	1321-50
		अतिथि सत्कार	423-20
		वेद प्रचारार्थ दक्षिणा आदि	11916-75
		सम्मिलित व्यय	2302-70
			31031-72
गत वर्ष का शेष		Balance O/D	90-03
	31121-75		31121-75

CC-0. Late Pt. Manmohan Shastri Collection Jammu. Digitized by eGangotri

CC-0. Late Pt. Manmohan Shastri Collection Jammu. Digitized by eGangotri

JAGRATI PRESS
JAMMU

CC-0. Late Pt. Manmohan Shastri Collection Jammu. Digitized by eGangotri